पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले नेपाल के अवधी पत्रकार संघ के सदस्य

लखनऊ: 04 मई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज राजभवन में नेपाल के अवधी पत्रकार संघ के सदस्यों ने श्री आशीष गुप्ता के नेतृत्व में मुलाकात की तथा राज्यपाल को पशुपति नाथ मंदिर का एक प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया। इस अवसर पर मीडिया फोटोग्राफर्स क्लब के अध्यक्ष, श्री एस0एम0 पारी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल ने गत दिवस मीडिया फोटोग्राफर्स क्लब द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में नेपाल से आये अवधी पत्रकार संघ के सदस्यों को सम्मानित किया था।

राज्यपाल ने नेपाल के पत्रकार संघ के पदाधिकारियों से बातचीत करते हुए कहा कि नेपाल में आये भूकम्प की त्रासदी से पूरा भारत आहत है। इस कठिन घड़ी में केन्द्र व राज्य सरकार अपने स्तर से भूकम्प पीड़ितों की सहायता कर रहा है। दोनों देश के संबंध बहुत पुराने और सदैव मैत्रीयपूर्ण रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कठिन समय में मिलने वाली सहायता का लाभ भूकम्प पीड़ितों को मिलना चाहिये।

अवधी पत्रकार संघ के सदस्यों ने भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की और धन्यवाद दिया।